हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 06 अप्रैल 2025, समय 1305 (5 मिनट)

आज पंजाब, हरियाणा और चंडीगढ़ सहित देशभर में रामनवमी का त्यौहार पूरी श्रद्धा से मनाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रामनवमी के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट पर राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा कि राम नवमी हमें धर्म, न्याय और कर्तव्य की भावना का संदेश देती है। उन्होंने देशवासियों से विकसित भारत के निर्माण के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लेने का भी आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में देशवासियों को रामनवमी की बधाई देते हुए कामना की कि प्रभु श्रीराम का आशीष सब पर बना रहे और से सबका मार्ग दर्शन करता रहे।

*************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने पार्टी के 45वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं को बधाई दी है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके कड़े परिश्रम, संघर्ष और पार्टी को खड़ा करने के लिए किए गए त्याग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस देश की प्रगति के लिए अतुलनीय समर्पण के प्रति संकल्पित रहने का अवसर है ताकि विकसित भारत का सपना साकार हो सके। श्री नड्डा ने भाजपा को राष्ट्रव्यापी संगठन बनाने के लिए पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया है।

.................................................................................................

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि सरकार ने फिल्म जगत को बढ़ावा देने और कलाकारों को प्रोत्साहन देने के लिए पिंजौर और गुरुग्राम में फिल्म सिटी बनाने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री कल रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में हरियाणा सिने फाउंडेशन विश्व संवाद केन्द्र, तथा विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय फिल्म महोत्सव के समापन समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले चरण में जिला पंचकूला के पिंजौर में 100 एकड़ में फिल्म सिटी बनाई जाएगी। इसके लिए जमीन निर्धारित की जा चुकी है और इस परियोजना के लिए आगे की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही फिल्म सिटी का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में गुरुग्राम में फिल्म सिटी का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए भी जमीन के चयन की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे न केवल सिनेमा जगत से जुड़े कलाकारों को

फायदा होगा बल्कि प्रदेश में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने श्रेष्ठ फिल्मकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और विश्व संवाद केन्द्र को 21 लाख रुपये की अनुदान राशि देने की घोषणा की। श्री नायब सिंह सैनी ने फिल्म जगत से जुड़े कलाकारों की मांग पर आश्वासन दिया कि दूरदर्शन पर हफ़्ते में एक बार हरियाणवी फ़िल्म का प्रदर्शन करने के संबंध में प्रसार भारती के साथ बातचीत कर इसे शुरू करवाने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही, दादा लखमी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स को हरियाणा के प्रत्येक विश्वविद्यालय में फ़िल्म मेकिंग कोर्स शुरू करने की जिम्मेदारी दी जाएगी। फ़िल्म सब्सिडी पर उन्होंने कहा कि इस संबंध में सरकार की नीति के अनुसार आगामी 30 दिनों में लंबित पड़े सभी 5 आवेदनों के अनुदान  का भुगतान कर दिया जाएगा। साथ ही सब्सिडी के लिए नए आवेदन भी मांगे जाएंगे।

*************************************************************************

फरीदाबाद पुलिस की अपराध शाखा ने नकली नोटों के बड़े रैकेट का पर्दाफ़ाश करते हुए चार आरोपियों सौरभ, प्रगट, शुभम उर्फ शिवा और राजेश को पंजाब के खन्ना शहर से गिरफ्तार किया है। सहायक पुलिस आयुक्त अमन यादव ने बताया कि 31 मार्च की रात अपराध शाखा एन.आई.टी की टीम ने आई.एम.टी फरीदाबाद क्षेत्र से दो आरोपियों बल्लभगढ़ निवासी योगेश और राजस्थान के भरतपुर निवासी  विष्णु को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के दौरान योगेश के पास से 500 रुपये के कुल 200 नकली नोट और विष्णु के पास से 188 नकली नोट बरामद किए गए। उनसे पूछताछ के आधार पर पंजाब से खन्ना शहर से नकली नोट खरीदने की जानकारी मिली। पुलिस ने खन्ना में छापेमारी कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, प्रिंटिंग मशीन और 6 लाख के नकली नोट भी बरामद किए गए ।

..............................................................................

नई दिल्ली में कल संपन्न हुए स्टार्टअप महाकुंभ में युवा उद्यमियों की महत्वपूर्ण भागीदारी देखी गई। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में डीपटेक, एग्रीटेक, बायोटेक, मेडटेक, कृत्रिम मेधा, गेमिंग और अन्य क्षेत्रों में भारत की ताकत देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान, सरकारी ई-मार्केटप्लेस ने ढाई हज़ार से अधिक स्टार्टअप से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया। इस दौरान एक हजार से अधिक स्टार्टअप को पंजीकरण और कैटलॉगिंग की सुविधा प्रदान की गई।

..............................................................................

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

***********************************************************************